XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण क्रमांक विविध 3847—दो/14 जिला—भिण्ड

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
8—12—14	आवेदक की ओर से श्री रामसेवक शर्मा, अभि. उप.। उन्होंने आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया कि आवेदिका का एक प्रकरण क्रमांक 28/13—14 अपील श्यामसुन्दर विरूद्ध उर्मिला देवी अधिनस्थ न्यायालय अपर आयुक्त, चम्बल संभाग के यहां संचालित होकर दिनांक 5—12—14 को बहस हेतु नियत है तथा साथ ही उनके द्वारा यह भी निवेदन किया कि आवेदिका के जेठ श्यामसुन्दर द्वारा आवेदिका एवं उसके बच्चों के नाम जमीन तहसील न्यायालय में अपने नाम करवा ली है । अपील में अनुविभागीय अधिकारी ने तहसील न्यायालय का आदेश निरस्त कर दिया है। अनावेदक द्वारा द्वितीय अपील अधिनस्थ न्यायालय अपर आयुक्त चम्बल संभाग के यहां प्रस्तुत की गई, जिसमें अनावेदक श्यामसुन्दर द्वारा पीठासीन अधिकारी श्री अखिलेख श्रीवास्तव को श्री कैलाश विजयवर्गीय राजनेता से फौन अपने पक्ष में आदेश पारित करने के लिये करवाया है, इसलिये आवेदिका द्वारा अंतरण का आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है । मैंने प्रकरण का अवलोकन किया तथा आदेश पत्रिका दिनांक 18—8—14 की प्रतिलिपि के साथ शपथ पत्र प्रस्तुत किया है । उसका भी अवलोकन किया। उपरोक्त स्थिति में आयुक्त, चम्बल संभाग को निर्देशित किया जाता है कि प्रकरण की सुनवाई कर प्रकरण का निराकरण गुण—दोष के आधार पर करें । यह प्रकरण इस न्यायालय में इसी स्तर पर समाप्त किया जाता है । दाखिल रिकार्ड हो । (एम.के.सिंह) सदस्य	8-12

न्यायालय राजस्व मण्डल म• प्र• ग्वालियर

प्रकरण क्रमांक / 14 अन्तरण आवेदन बिबिध-3847-II/14

श्रीमती उर्मिला देवी बेवा नन्द किशोर

नीलेश , दुर्गेश , गोपाल पुत्रगण नन्दकिशोर

नाबालिग सरपरस्त माँ श्रीमती उर्मिला देवी

निवासी ग्राम लाडमपुरा तह• महगाँव जिला

भिण्ड म• प्र• ---- आवेदक

राजेन्द्र शर्मा एड
19-11-14

बनाम

श्याम सुन्दर पुत्र रामरतन जाति ब्राहमण

निवासी ग्राम लाडमपुरा तह• महगाँव जिला

भिण्ड म•प्र• -- असल अनावेदक

बाबूराम मृत द्वारा वैध वारिसान

रजनेश व राजीव पुत्रगण बाबूराम शर्मा

निवासी ग्राम लाडमपुरा हाल निवासी

आवाद मार्वे की गोठ पाटोर वाले हनुमान

जी की गली जीवाजीगंज लश्कर ग्वालियर

शिवदयाल

रामजी पुत्रगण हरनारायण जाति ब्राहमण

निवासी ग्राम लाडमपुरा तह• महगाँव

जिला भिण्ड म•प्र• --- तरतीवीअनावेदक

श्री राम सेवक शर्मा एड•
द्वारा आज दि. 19-11-14 को
प्रस्तुत
19-11-14
क्लर्क ऑफ कोर्ट
राजस्व मण्डल म.प्र. ग्वालियर